उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 17.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित "मिशन शक्ति फेज–5.0" अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

जिसके क्रम में आज दिनांक- 17.10.2025 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्कूलों एवं कालेजों में जाकर स्कूली छात्रों को आत्मरक्षा, सुरक्षा अधिकारों तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान नागरिकों को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य

मिशन शक्ति फेज–5.0 एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता, तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाना है।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम द्वारा आतिशबाज की दुकानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा गया, सुरक्षा के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा थाना श्रीनगर क्षेत्रअन्तर्गत आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/ निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## दृश्य पुलिसिंग एवं जनसंपर्क के उद्देश्य से देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में किया गया पैदल गश्त, व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया गया आश्वस्त, त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने हेतु दिये गये निर्देश

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में "Visible Policing" के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से क्षेत्र भ्रमण, पैदल गश्त एवं जनसंपर्क गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो सके।


जनपद में पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में Foot Patrolling, Visible Policing एवं जनता से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से शाति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन निरंतर सक्रिय है।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गयी।

इस दौरान Intelligence-led point to point patrolling करते हुए क्षेत्र के प्रमुख ज्वैलरी बाजार, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया गया।

गश्त के दौरान व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया, साथ ही सतर्कता बनाए रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी निगरानी, नियमित गश्त, तथा जनसहयोग के माध्यम से अपराध नियंत्रण के निर्देश दिए गए।



# MAHOBA POLICE

## Meticulous Investigation & Prosecution

**छिनैती की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 17 हजार रुपये जुर्माने की हुई सजा।**



श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप आज दिनांक 17.10.2025 को मा0 न्यायालय ए.एस.जे. प्रथम द्वारा "वादी की मोटर साइकिल को क्षतिग्रस्त करना व जेवरात छीन लेने वाले 02 अभियुक्तों को सम्बन्धित अभियोग में दोषसिद्ध घोषित करते हुए 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 17 हजार/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**विवरण निम्नवत है:-**

थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 820/2014 धारा 394/411/427/120बी भादवि व 10/12 डकैती प्रभावी क्षेत्र अधिनियम से सम्बंधित अभियुक्तगण क्रमशः 1. मुरलीधर पुत्र बाबू लाल ढीमर निवासी वौरा थाना कुलपहाड़ महोबा 2. इन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह राजपूत निवासी ग्राम तिन्दौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मा0 न्यायालय द्वारा प्रत्येक को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 17,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा की गरिमामयी उपस्थिति में खेल भावना और सौहार्द का संदेश लेकर पुलिस लाइन महोबा में हुआ प्रयागराज जोन वॉलीबॉल क्लस्टर-2025 का भव्य शुभारंभ

पुलिस लाइन महोबा प्रांगण में आज दिनांक- 17.10.2025 दिन शुक्रवार को प्रयागराज जोन की 28वीं वॉलीबॉल क्लस्टर (वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा) प्रतियोगिता-2025 का भव्य शुभारंभ आयोजन सचिव एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। जिसमें कमिश्नरेट प्रयागराज सहित प्रयागराज जोन के समस्त जनपद क्रमशः प्रतापगढ, कौशाम्बी, फेतहपुर, महोबा, बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट की टीमों ने प्रतिभाग किया है।



प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के मैनेजरों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात् समस्त टीमों ने मार्च-पास्ट कर मुख्य अतिथि को सम्मानपूर्वक अभिवादन किया तथा खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण की कार्यवाही संपन्न की गई। मुख्य अतिथि ने वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ ही प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की।

आज की खेल प्रतियोगिता के खेल परिणाम के अनुसार वॉलीबॉल प्रतियोगिता के प्रथम मैच में मेजबान जनपद महोबा की टीम (महिला एवं पुरुष वर्ग दोनो में) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कौशाम्बी को पराजित किया है, वहीं रोमांचक मुकाबले में कमिश्नरेट प्रयागराज की (महिला एवं पुरुष वर्ग दोनो में) की टीम ने जनपद प्रतापगढ को पराजित कर विजयी शुरुआत की है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड, आरआई श्री शिवकुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधि./कर्म. मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी...

@MahobaPolice










पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह ने सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध गोष्ठी में दिए निर्देश, त्योहारों पर अलर्ट मोड में रहे पुलिस बल, क्षेत्र में शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें...

Date- 16.10.2025

## महोबा पुलिस

@MahobaPolice

मिशन शक्ति — नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन — 5वां चरण

#MissionShakti5










मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण, साइबर जागरूकता एवं यातायात सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया गया प्रेरित...।

Date- 17.10.2025

@MahobaPolice